विद्यालय का नामः...

वार्षिक परीक्षा–2022–23

विषय–सामाजिक विज्ञान	पूर्णांक–80	कक्षा–7	समय–2:30 घण्टे	नामः–....................................

भाग–अ

निर्देशः– सभी प्रश्नों का हल उतर पुस्तिका में लिखों।

–: वस्तुनिष्ठ प्रश्नः– अंक–10X1=10

1. अलहिन्द पुस्तक के लेखक है–
(अ) कल्हण (ब) अबुल–फजल (स) अल बेरुनी (द) अमीर खुसरो ( )

2. हम्पी राजधानी थी–
(अ) विजयनगर साम्राज्य की (ब) मुगल साम्राज्य की
(स) चोल साम्राज्य की (द) पल्लव साम्राज्य की ( )

3. नयानार संतों की कुल संख्या थी–
(अ) 63 (ब) 12 (स) 5 (द) 36 ( )

4. सुलताना का स्वप्न कहानी की लेखिका है–
(अ) रास सुन्दरी देवी (ब) रुकैया सखावत हुसैन (स) रमाबाई (द) सत्यारानी ( )

5. उपभोक्ता अपनी आवश्यकता का सामान निम्न में से कहाँ से खरीदता है?
(अ) खेत से (ब) फैक्ट्री से (स) थोक बाजार से (द) फुटकर दुकान से ( )

6. तवा मत्स्य संघ है–
(अ) मछुआरों का (ब) कृषकों का (स) पशुपालकों का (द) व्यापारियों का ( )

7. विश्व जल दिवस मनाया जाता है–
(अ) 22 अप्रैल को (ब) 22 मार्च को (स) 22 अगस्त को (द) 22 जुलाई को ( )

8. अमेजन बेसिन के निवासियों का मुख्य आहार है–
(अ) गेहूँ (ब) चावल (स) कसावा (द) बाजरा ( )

9. विजय स्तम्भ का निर्माण किसने करवाया था?
(अ) महाराणा प्रताप (ब) सवाई मानसिंह (स) महाराजा सुरजमल (द) महाराणा कुम्भा ( )

10. आजादी पूर्व राजस्थान में कौनसी कुप्रथाऐं थी?
(अ) सती प्रथा (ब) डाकन प्रथा (स) बाल विवाह (द) उपरोक्त सभी ( )

–:रिक्त स्थानों की पूर्ति करोः– अंक–5X1=5

(मीडियम, 26 नवम्बर, अजमेर, सुपर फास्ट, मलयालम)

11. 12 वीं सदी में चौहानों की राजधानी..................थी।
12. नौंवी शताब्दी में स्थापित चेर राज्य में.........................बोली जाती थी।
13. मीडिया अंग्रेजी के....................शब्द का बहुवचन है।
14. ....रेलगाड़ियों से परिवहन की गति और तीव्र हो गई है।
15. संविधान दिवस....................को मनाया जाता है।
16. कॉलम–'अ' में दिये गये शब्दों का मिलान कॉलम– 'ब' से कीजियेः– अंक–1X5=5

कॉलम–अ	कॉलम–ब
(क) तंजावुर	(अ) उतरी अमेरिका
(ख) पाइक	(ब) माणिक्य लाल वर्मा
(ग) धागे काटना, बटन लगाना	(स) मंदिर नगर
(घ) ग्रेट लेक	(द) अहोम
(ङ) मेवाड़ प्रजामण्डल	(य) सहायक मजदुर

भाग–ब

–:सभी प्रश्न करने अनिवार्य है:– अंक–10X2=20

1. शिखर से आपका क्या तात्पर्य है?
2. तंजावूर नगर को जल आपूर्ति कैसे की जाती थी?
3. दार्शनिक शंकर का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
4. कत्थक के प्रमुख सरंक्षक कौन थे?
5. लोग बाजार क्यों जाते है?
6. निर्यातक से क्या तात्पर्य है?
7. नींबू वंश के वृक्ष किस जलवायु में उगाये जाते हैं?
8. रेलमार्ग के किन्ही दो गुणों के बारे में बतायें।
9. विश्व में कौन–कौनसे दो प्रकार के रेगिस्तान पाये जाते है?
10. आधुनिक शिक्षा के नाम से खोले गये स्कूलों के बन्द होने का कारण बताइये।

–:कोई पाँच प्रश्नों के उतर दीजिए:– अंक–5X3=15

11. मंदिरों के निर्माण तथा उनके रख–रखाव के लिए शिल्पीजन कितने महत्वपूर्ण थे?
12. आपके विचार से बहुत से गुरूओं ने उस समय प्रचलित धार्मिक विश्वासों तथा प्रथाओं को अस्वीकार क्यों किया?
13. साप्ताहिक बाजार किसे कहते है? इसकी विशेषतायें लिखिए।
14. ज्वार–भाटा क्या है तथा ये कैसे उत्पन्न होते हैं?
15. कारण बताइये–

(क) रेगिस्तान में अत्यल्प वनस्पति होती है।

(ख) सहारा रेगिस्तान के लोग भारी वस्त्र पहनते है।

16. बालविवाह किसे कहते है? समझाइये।
17. कारण बताइये,

(क) आज विश्व सिमटता जा रहा है।

–:निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए:– अंक–3X5=15

18. हम जनसाधारण की तुलना में शासकों के सांस्कृतिक रीति–रिवाज के बारे में बहुत अधिक क्यों जानते है?

अथवा

अट्ठारहवीं शताब्दी में सिक्खों को किस प्रकार संगठित किया गया?

19. आप पढ़ चुके हैं कि संचार माध्यम किस प्रकार एजेंडा बनाते है? इनका प्रजातंत्र में क्या प्रभाव पड़ता है? अपने विचारों के पक्ष में दो उदाहरण दीजिये।

अथवा

समानता के लिए लोगों के संघर्ष में हमारे संविधान की क्या भूमिका हो सकती है?

20. सहारा के लोगों के क्रियाकलापों का वर्णन कीजिए।

अथवा

नानाभाई, सेंगाभाई एवं कालीबाई की जीवनी को बताइये।

21. भारत के मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए। अंक–1X10=10

(क) राजस्थान (ख) जयपुर (ग) श्री नगर (घ) महाराष्ट्र (ड़) कर्नाटक

अथवा

भारत के मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए।

(क) हरियाणा (ख) उड़ीसा (ग) पूना (घ) मध्य प्रदेश (ड़) लेह